पत्रिका

कोटखावदा में 100 मरीजों को पोषण किट वितरण

कोटखावदा. कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को विश्व टीबी दिवस-2026 के अवसर पर 'यस! वी कैन एंड टीबी'' थीम के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत नि-क्षय मित्र कार्यक्रम में मुकुल माधव फाउंडेशन (सीएसआर पार्टनर-फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड) के सहयोग से खंड स्तर पर 100 टीबी मरीजों को नि:शुल्क पोषण युक्त

राशन किट वितरित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों को उपचार के साथ उचित पोषण उपलब्ध कराकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में सहयोग देना रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. हनुमान मीना, खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरतेजा सिंह, एसटीएस नितिन खंडेलवाल, नर्सिंग ऑफिसर रुकमकेश मीना सहित स्वास्थ्यकर्मी, आशा सहयोगिनी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। दयाराम स्वामी ने बताया कि चाकसू खंड में 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत' पहल के तहत यह वितरण किया गया है। अधिकारियों ने फाउंडेशन के सहयोग की सराहना करते हुए इसे टीबी उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।